(197)

# अण्डमान तथा निकोबार राजपत्र

# Andaman And Nicobar Gazette

असाधारण

EXTRAORDINARY

प्राधिकार से प्रकाशित

Published by Authority

सं. 26, पोर्ट ब्लेयर, मंगलवार, 31 जनवरी, 2006

No. 26, Port Blair, Tuesday, January 31, 2006

## अण्डमान तथा निकोबार प्रशासन

### सचिवालय

### अधिसूचना

पोर्ट ब्लेयर, दिनांक 31 जनवरी, 2006

सं. 24/2006/फा. सं. 1-467/2001-टी. डब्ल्यू..— संविधान के अनुच्छेद 240 के अधीन भारत के राष्ट्रपति द्वारा प्रख्यापित और दिनांक 26 अगस्त, 2005 को भारत के असाधारण राजपत्र भाग-II, धारा 1 में प्रकाशित निम्नलिखित संशोधन विनियम को आम जनता की सूचना के लिए पुनः प्रकाशित किया जाता है ।

आदेश

ह./-

(जी. सी. जोशी)

विशेष सचिव (जनजाति कल्याण)

अंडमान तथा निकोबार प्रशासन

### अंडमान तथा निकोबार द्वीपसमूह (आदिम जनजातियों का संरक्षण) संशोधन विनियम, 2005

### 2005 का सं. 3

भारत के गणतंत्र के छप्पनवे वर्ष में राष्ट्रपति द्वारा निम्नलिखित प्रख्यापितः-

अंडमान तथा निकोबार द्वीपसमूह (आदिम जनजातियों का संरक्षण) विनियम,1956 का संशोधन विनियम ।

संविधान के अनुच्छेद 240 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रपति उनके द्वारा बनाए निम्नलिखित विनियम को प्रख्यापित करते है ।

संक्षिप्त शीर्षक तथा आरम्भ

1. (1) इस विनियम को अंडमान तथा निकोबार द्वीपसमूह (आदिम जनजातियों का संरक्षण) संशोधन विनियम, 2005 कहा जा सकेगा ।

(2) यह उस दिन प्रवृत्त होगा जो उप राज्यपाल सरकारी राजपत्र में अधिसूचना द्वारा नियत करेंगे ।

धारा 2 का संशोधन

1956 का पंजीकरण सं.3

2. अंडमान तथा निकोबार द्वीपसमूह (आदिम जनजातियों का संरक्षण) विनियम,1956 (जिसे इसके पश्चात मूल विनियम कहा जाएगा) की धारा 2 के खण्ड (ख) के लिए निम्नलिखित को प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात :-

(ख) ''प्रशासक'' से अभिप्रेत है भारत के संविधान की अनुच्छेद 239 के अन्तर्गत राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त अंडमान तथा निकोबार द्वीपसमूह के संघ शासित प्रदेश का प्रशासक ;